# हमारा महाविद्यालय




राजकीय महाविद्यालय, बरवाला (हिसार) की नींव 2008 में रखी गई थी। उस समय महाविद्यालय नर्सिंग छात्रावास की पुराणी ईमारत में चल रहा था। एक सितम्बर, 2014 को हमें इस मौजूदा कॉलेज की इमारत भेंट की गई थी। कॉलेज में हरियाली को बनाए रखने में वन विभाग का बहुत ही सराहनीय योगदान है जिन्होंने कॉलेज में अनेक प्रकार के पौधे लगाने व पार्क बनाने में सहायता की।

इस कॉलेज की शुरूआत केवल 450विद्यार्थियों से हुई थी और अब यह एक सह-शिक्षा का पूर्ण विकसित संस्थान बन चुका है जहां पर वर्तमान में लगभग 1597 विद्याथी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें 885 छात्राएं तथा 712 के करीब छात्र पढ़ रहे हैं। इस सत्र महाविद्यालय में 44 के करीब शिक्षक व 25 के करीब गैर शिक्षक कर्मचारी हैं।

**पुस्तकालय :**

कॉलेज में पुस्तकालय एक बड़े से कक्ष में है। यहां इस्पात की कई अलमारियां हैं। अलमारियों में दराज बने हैं जिनमें पुस्तकें व्यवस्थित क्रम में रखी हुई हैं। पुस्तकालय के इंचार्ज इनका पूरा लेखा-जोखा रखते हैं। यहां प्राचीन एवं नवीन पुस्तकों का अच्छा संग्रह है। यहां साहित्य और भाषा, विज्ञान, संस्कृति, इतिहास, भूगोल, सामान्य ज्ञान आदि विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें एकत्रित हैं। पुस्तकालय में लगभग छह हजार पुस्तकें है। पुस्तकालय में पुस्तकों के अलावा पत्र-पत्रिकाएं एवं दैनिक समाचार पत्र भी आते हैं। शिक्षक एवं विद्यार्थी यहाँ बैठकर इनका अध्ययन करते हैं। पुस्तकालय में पाठकों के बैठने के लिए मेज एवं कुर्सियां लगी हुई है। पढ़ते समय हर कोई शांति बनाए रखता है ताकि दूसरों को पढ़ने में किसी प्रकार का व्यवधान न हो।

कॉलेज का पुस्तकालय छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी है। यहां से निर्धन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें मुफ़्त वितरित की जाती है। विद्यार्थी अपने मनोरंजन के लिए यहां से कहानी कामिक्स तथा पत्रिका घर ले जा सकते हैं। विभिन्न प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध होने से शिक्षकों को अध्ययन और अध्यापन में बहुत मदद मिलती है।

**विषय :**

वर्तमान में हमारे कॉलेज में आर्ट्स विभाग में 880 विद्यार्थी, कॉमर्स विभाग में 388 विद्यार्थी, साईंस विभाग में 192 विद्यार्थी, एम. कॉम में 117, पीजीडीसीए में 20 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

**वार्षिक परिणाम :**

केवल 14 वर्षीय हमारे कॉलेज के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने निरंतर नए आयाम स्थापित करने के प्रयास किए हैं, जिसमें हमे सफलता भी प्राप्त हुई है। हमारे कॉलेज के विभिन्न विभागों के स्नातक कक्षाओं का औसतन वार्षिक परिणाम 80 प्रतिशत और स्नातकोतर कक्षाओं का वार्षिक परिणाम 95 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थी एवं सम्बंधित प्राध्यापकगण बधाई के पात्र हैं।

**वार्षिक खेलकूद उपलब्धियां :**

कॉलेज के विकास में खेलकूद का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉलेज के खिलाड़ियों ने गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी विभिन्न खेलकूद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने भाग लिया। बी.ए. द्वितीय वर्ष के विनोद कुमार ने दस हजार मीटर दौड़ में प्रथम स्थान और क्रॉस काउंट्री में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष का विनोद कुमार, पीजीडीसीए का दीपक, बी.ए. प्रथम वर्ष का रवि और मोहन ने 4x100 रिले रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

**सांस्कृतिक गतिविधियां :**

शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक गतिविधियां भी अनिवार्य हैं। इसी के तहत राजकीय महाविद्यालय, बरवाला (हिसार) द्वारा सत्र 2022-23 में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया व कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय व अंतर कॉलेज प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज में 7 नवम्बर 2022 को प्रतिभा खोज का आयोजन

किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया इसके अंतर्गत पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, नाटक, गायन, नृत्य, मिमिक्री,क्लेमॉडलिंग, रंगोली, आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में 29 नवम्बर 2022 से 2 दिसम्बर 2022 को 10वें युवा महोत्सव में हमारे कॉलेज ने कविता पाठ, रंगोली पोस्टर मेकिंग, क्लेमॉडलिंग , नाटक, रंगोली, मेहंदी रचाओं,मिमिक्री व मोनो एक्टिंग आदि में भाग लिया।

19 दिसम्बर 2022 को राजकीय कॉलेज हिसार में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाषण, निबन्ध लेखन व रंगोली में भाग लिया।

हमारे कॉलेज में 75वां आजादी का अमृत महोत्सव सत्र 2021-22 में मनाया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, सेमिनार, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। हर वर्ष फरवरी महीने में उल्लास उत्सव का आयोजन किया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना :

सत्र 2022-23 में राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ का नेतृत्व श्रीमती नीतू व डॉ. बलजीत पूनियां द्वारा किया गया। कॉलेज में एन.एस.एस. की दो यूनिट हैं जिसमें लगभग 200 स्वयंसेवी बहुत ही निष्ठा से कार्य करते हैं।

हमारे कॉलेज में 13 अक्तूबर 2022 को कॉलेज से नए बस स्टैंड तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। एनएसएस के स्वयंसेवक हमारे देश के लिए बहादुरी से लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। एनएसएस के स्वयंसेवक अपने घरों पर तिरंगा फहराते हैं।

एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा कॉलेज में पोषण माह सितम्बर महीने में मनाया गया। इस पोषण माह में 5 सितम्बर 2022 का वृक्षरोपण करवाया गया। इस महीने में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे कि पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और सामूहिक चर्चा भी करवाई गई।

स्वच्छ भारत अभियान अक्तूबर महीने में मनाया गया जिसमें लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक और वेस्ट मैनेजमैंट के बारे में जागरूक करने के लिए 21 अक्तूबर 2022 को एक रैली का आयोजन किया गया था जिसमें लोगो को पटाखों का उपयोग न करने के लिए प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने के लिए जागरूक किया गया। 31 अक्तूबर, 2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद में एनएसएस के स्वयंसेवक द्वारा एकता दिवस मनाया गया।

एनएसएस की दोनों यूनिटों ने कॉलेज में 15 दिसम्बर 2022 को एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में स्वयं सेवकों द्वारा कॉलेज में साफ-सफाई करवाई तथा स्वच्छता के प्रति अन्य छात्रों को जागरूक किया।

इस दौरान 16 दिसम्बर 2022 को रक्तदान महाशिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने मिलकर 71 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

उपलब्धियां :

1. एनएसएस सेल, महर्षि दयानंद विश्व विद्यालय, रोहतक द्वारा 7 दिसम्बर 2022 से 13 दिसम्बर 2022 तक आयोजित राष्ट्रीय एकता प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा मधु ने भाग लिया।
2. एनएसएस यूनिट-प्रथम के बलराम बीए तृतीय के वैलेंटियर को गणतंत्र दिवस परेड 2023 के लिए चुना गया।

ब्यूरो व प्लेसमेंट सैल :

ब्यूरो व प्लेसमेंट सेल का नेतृत्व सत्र 2022-23 में श्री रामविलास द्वारा किया गया। प्लेसमेंट सैल के तहत विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी कॉलेज द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है ताकि अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। इस सैल के तत्वावधान में 15 अक्तूबर 2022 को छात्रों के व्यक्तित्व विकास हेतु जीलेट इंडिया व दैनिक जागरण के संयोजक से एक सेमिनार का आयोजन करवाया गया इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रीतम कुमार व निशांत कुमार ने शिरकत की। इस मौके पर छात्रों से साक्षात्कार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। 2020-22 तक लगभग 7 लाख की ग्रांट मिली इस ग्रांट से अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के कुल 239 पासपोर्ट बने हैं। 2022-23 में पासपोर्ट के लिए लगभग 5 लाख रुपये की ग्रांट मिली हुई है।

महिला प्रकोष्ठ :

महिला प्रकोष्ठ श्रीमती मंजू रानी के मार्गदर्शन में कार्य किया व इसके अंतर्गत छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया।

छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए कॉलेज में पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें डॉ. सुरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की थी। कॉलेज में एक दिवसीय योगा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण दिया गया।

सत्र के दौरान छात्राओं को प्रोत्साहित करने व सर्वागीण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे की निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर बनाना, कविता पाठ, भाषण, प्रश्नोतरी, मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता आदि का आयोजन समय समय पर किया गया।

संतुलित आहार के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. शहनाज ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की।

सत्र के दौरान तीन दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें मिस नवप्रीत कौर नें छात्राओं को विभिन्न प्रकार के सॉफ्ट टॉयज, फूल ट्री आदि क्राफ्ट की वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया। इसके अतिरिक्त एक विस्तार व्याख्यान ''महिलाओं की कानून संबंधी विषयों पर जागरूकता'' विषय पर

आयोजित किया गया जिसमें मिस दिव्या अरोड़ा ने सभी छात्राओं को उनके अधिकारों के विषय से अवगत कराया तथा भारतीय संविधान में जो अधिकार और कानून दिए गए हैं उनके विषय में विस्तार से बताया।

<u>विभिन्न छात्रवृतियां :</u>

हरियाणा सरकार द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की छात्रवृयियां प्रदान की जाती है ताकि उन्हें उचित प्रोत्साहन तथा आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। कॉलेज में विभिन्न छात्रवृत्तियां जैसे की छात्राओं को पूर्वस्नातक स्कीम, संयुक्त वजीफा छात्रवृति तथा स्वतंत्रता सेनानी के ग्रांड चिल्ड्रन छात्रवृति के अंतर्गत विभिन्न छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया। इसके अलावा हरियाणा मैरिट स्कीम के अंतर्गत भी छात्र-छात्राओं को छात्रवृति प्रदान की गई। Consolidated Stipend and Free Books for SC Students के अंतर्गत 2021-22 के सत्र में 327 छात्र-छात्राओं को 654000 रूपये राशि पुस्तकें खरीदने के लिए तथा 1000 रुपये प्रति मास छात्रवृति प्रदानकी गई। सत्र 2021-22 में Post Matric Scholarship for BC के अंतर्गत कॉलेज के 200 छात्र-छात्राओं को छात्रवृति का लाभ प्रदान किया गया।

<u>शिक्षा के साथ रोजगार :</u>

हरियाणा सरकार के द्वारा विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ रोजगार की स्कीम के अंतर्गत सत्र 2022-23 में 70 हजार की ग्रांट हमारे कॉलेज को प्राप्त हुई। श्री दलबीर सिंह तथा श्रीमती रेखा सलूजा के प्रतिनिधित्व में दो पैनलों में विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ उपलब्ध करवाया गया ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित हो। लगभग 36 विद्यार्थियों को अक्तूबर 2022 से दिसम्बर 2022 के बीच इस स्कीम में उपलब्ध ग्रांट से लाभांवित किया गया।

<u>रैड रिबन व रैड क्रॉस क्रियाक्लाप :</u>

सत्र 2021-22 में रैड क्रॉस क्रियाकलापों के अंतर्गत कॉलेज में पांच टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया तथा लोगों को कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया। Don't wait vaccination थीम पर राज्य स्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ताकि टीकाकरण के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूकता पैदा की जा सके। कॉलेज में एक आंखों की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया जिसमें विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ के सदस्यों ने अपनी आंखों की जांच करवाई।

कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को भयंकर बीमारियों के प्रति जागरूक किया। कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रश्नोतरी में 28 सितम्बर 2022 को भाग लिया और विद्यार्थियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

<u>विज्ञान प्रदर्शनी :</u>

18 नवम्बर 2022 को कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य राम सिंह बैनीवाल व पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पूर्ण चंद चावला ने शिरकत की। इस प्रदर्शनी में भूगोल विभाग, कम्प्यूटर विभाग, रसायन शास्त्र विभाग और भौतिकी विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलस का प्रदर्शन किया। भूगोल विभाग के अंतर्गत बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र मोहित व साहिल का मॉडल प्रथम रहा। भौतिकी विज्ञान के अंतर्गत रवि व कोमल का मॉडल तथा कम्प्यूटर साइंस विभाग के अंतर्गत नंदिनी व सौरभ का मॉडल प्रथम रहा।

हाल ही में राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय साइंस प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज से चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामों में कम्प्यूटर साईंस के मॉडल में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिनी व छात्र सौरभ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्रा नंदिनी को सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब मिला है।

<u>शिक्षकों की उपलब्धियां :</u>

वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती सविता सहरावत ने पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला में दो सप्ताह 5.2.2022 से 18.2.2022 का रिफ्रेसर कोर्स किया।

गणित विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती दीपिका ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में दो सप्ताह 9.9.2022 से 22.9. 2022 तक का रिफ्रेसर कोर्स किया। इसके अतिरिक्त 14 दिसम्बर, 2022 को Soft Computing with tital: Design and analysis of computational procedure for a class of time fractional Multi-Term diffusion problem" विषय पर पेपर Present किया।

भौतिक विज्ञान की सहायक प्रोफेसर श्रीमती सोनिया देवी और गणित विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती मंजू रानी ने दो सप्ताह Inter disciplinary रिफ्रेसर कोर्स रामनुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से किया। वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. श्वेता ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से दो सप्ताह (18 नवम्बर 2022 से 2 दिसम्बर 2022 ) का रिफ्रेसर कोर्स किया। इन्होंने आईआईएम रोहतक में 7-9-2022 तक आयोजित सातवें द्विवर्षीय सम्मेलन में भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किया। वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती मीनाक्षी रानी व कम्प्यूटर साइंस विभाग की सहायक प्रोफेसर श्रीमती दीपिका ने राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

सलेन्द्र
हिन्दी विभाग